[21/3/2023]

प्रश्न सं. [क्र. 3201] प्रपत्र– "1"

विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 3201 सदन में उत्तर देने का दिनांक 21.03.2023

माननीय विधायक इंजीनियर श्री प्रदीप लारिया

प्रश्नांश "क" से संबंधित जानकारी

1. **बडतुआ–साईखेड़ा मार्ग –**
मूल पैकेज क्रमांक – एम.पी. 3312
लागत राशि – रू. 116.86 लाख
कार्य पूर्णता दिनांक – 18/06/2008
परफारमेंस गारंटी अवधि समाप्त होने का दिनांक – 17/06/2013
पांच वर्ष पश्चात संधारण हेतु पैकेज क्रमांक – एमपी 33 एमटीएन 022
संधारण हेतु कार्यादेश का दिनांक – 05/01/2013
अन्य विवरण – पांच वर्ष पश्चात संधारण हेतु दिनांक 04.01.2018 तक के लिए कार्यादेश जारी किया गया था, किन्तु मार्ग की कुल लम्बाई 7.554 कि.मी. में आर.डी. 6600 मी0 पर एमपी वेयरहासिंग एण्ड लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन भोपाल द्वारा ग्राम साईखेड़ा में 18 वेयरहाउस का निर्माण कार्य किया गया है जिससे भारी वाहनो का यातायात हुआ एवं सड़क की 6.617 कि.मी. लम्बाई विपरीत रूप से प्रभावित हुई जिसे पैकेज क्रमांक एमपी 33 यूपीजी 008 के अन्तर्गत कार्यादेश दिनांक 28.07.2016 को जारी कर उन्नयनीकरण का कार्य किया गया एवं मार्ग की शेष लम्बाई (आरडी 6617 मी. से 7554 मी. तक) का निर्माण कार्य भारी वाहनों के आवागमन न होने के कारण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के सामान्य मानदंडो के अनुसार संधारण किया गया। मार्ग पर लागत रशि रू 661.32 लाख में दिनांक 26.07.2017 को निर्माण कार्य पूर्ण किया किया गया था। जिसकी परफोरमेंस गांरटी अवधि दिनांक 25.07.2022 को पूर्ण हो चुकी है।

2. **सांईखेड़ा से लिधौराखुर्द मार्ग –**
उक्त मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा करवाया गया है। कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्ग की कुल लम्बाई 2.40 कि.मी., लागत राशि रू. 190.84 लाख, पूर्णता दिनांक 18/01/2020 तथा परफारमेंस गांरटी अवधि दिनांक 17/01/2025 तक है।

3. **सागर से राजौआ मार्ग –**
मूल पैकेज क्रमांक – एमपी33एमआर
लागत राशि – रू. 22.60 लाख
कार्य पूर्णता दिनांक – 15/09/2009
परफारमेंस गारंटी अवधि समाप्त होने का दिनांक – 14/06/2014
अन्य विवरण – मार्ग की आर.डी. 2008 मी0 पर स्थित एग्रो फैक्ट्री के भारी वाहनों के आवागमन के कारण मार्ग की आर.डी. 0 मी. से 3232 मी. तक संधारण कार्य पैकेज क्रमांक एमपी 33यूपीजी 009 अन्तर्गत कार्यादेश दिनांक 19.08.2016 को जारी किया जा कर लागत राशि रू 271.79 लाख में दिनांक 10.07.2017 को निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। जिसकी परफोरमेंस गांरटी अवधि दिनांक 09.07.2022 को पूर्ण हो चुकी है।

General Manager (T)
M.P.R.D.A. Bhopal

प्रपत्र– "2"

विधानसभा अतारांकित प्रश्न कमांक 3201 सदन में उत्तर देने का दिनांक 21.03.2023

माननीय विधायक इंजीनियर श्री प्रदीप लारिया

प्रश्नांश "ख" से संबंधित जानकारी

1. **बडतुआ–साईखेड़ा मार्ग –**
उक्त मार्ग की लम्बाई 7.554 कि.मी. है, जिसमें मार्ग की 6.617 कि.मी. का भाग जो सुदृढ़ीकरण कर बनाया गया था परफोरमेंस गारंटी अवधि समााप्त होने के पश्चात आज भी अच्छी स्थिति में है एवं मार्ग का अंतिम शेष भाग जिसकी आरडी 6617 मी. से 7554 मी. तक, लम्बाई – 937 मी. जो ग्रामीण सड़क के सामान्य मापदण्डों के अनुसार निर्मित था पर रेलवे गोदामों एवं अंडर पास के निर्माण सामग्री परिवहन से क्षतिग्रस्त हो रहा है, जिसके त्वरित संधारण हेतु गिट्टी मुरम भरकर मार्ग को मोटरेबल रखा जा रहा है। मार्ग की ट्रफिक एक्ल लोड सर्वे एवं एटीसीसी करते हुए उन्नयन हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है एवं मुख्य महाप्रबंधक द्वारा स्थल निरीक्षण भी किया जा चुका है। अग्रिम कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

2. **सांईखेड़ा से लिधौराखुर्द मार्ग –**
कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में उक्त मार्ग की स्थिति अच्छी है।

3. **सागर से राजौआ मार्ग –**
उक्त मार्ग के आर0डी0 3600 मी. पर स्थित स्वीकृत खदान से स्मार्ट सिटी से परियोजना कार्यालय सागर द्वारा सागर नगर के विकास कार्य स्वीकृत किये गये जिनके लिए रजौआ ग्राम से निर्माण सामग्री का परिवहन किया जा रहा है, जिसके कारण मार्ग पर स्वीकृत भार क्षमता से अधिक भार के वाहनों के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसके त्वरित संधारण हेतु गिट्टी मुरम भरकर मार्ग को मोटरेवल रखा जा रहा है। वर्तमान में वाहनों के आवागमन की वस्तुस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए मार्ग पर ट्रेफिक एक्सल लोड सर्वे एवं एटीसीसी कर उन्नयन हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है। अग्रिम कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

General Manager (T)
M.P.R.D.A. Bhopal